# पुणा International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| SA-1 QUESTION BANK – [2023-24] | | |
|---|---|---|
| GRADE : II | | SUB : HINDI |
| NAME- | ROLL NO.- | DATE- |

**प्र-१ अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**



चावल के एक खत में एक चिड़िया अपने बच्चों के साथ रहती थी । सवेरे भोजन की तलाश में उसे जाना पड़ता था । एक दिन चिड़िया के जाने के बाद किसान और उसका बेटा खेत पर आए । किसान ने अपने बेटे से कहा, देखो, फसल काटने का समय आ चुका है । हमे गाँववालो और पड़ोसियों को फसल काटने के लिए कहना होगा ।"चिडिया के आने पर बच्चों ने उसे सब बताया । चिडिया ने कहा, "अभो डरने की बात नही ,हमे कुछ नही होगा।"

**प्रश्न- क चिडिया अपने बच्चों के साथ कहाँ रहती थी ?**

उ- चावल के खत में।

**प्रश्न- ख चिड़िया के जाने के बाद कौन खेत पर आए ?**

उ- किसान और उसका बेटा खेत पर आए।

**प्रश्न-ग किसान ने अपने बेटे से क्या कहा ?**

उ- फसल काटने का समय आ चुका है।


**प्रश्न- घ चिडिया के आने पर किसने उसे सब बताया ?**

उ- बच्चों ने।

**प्रश्न-च "बेटा" का बह्वचन लिखिए ।**

उ- बेटा - बेटे

**अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**



## जानवर - सबसे अच्छा दोस्त

जानवर आदमी का सबसे अच्छा दोस्त है । वह हर समय हमारी मदद करता है ।भेड़ हमें ऊन देते है, जिससे हम स्वेटर बुनते है और अपने आप को सर्दी में गरम रखते है । कुत्ते हमारी रखवाली करते है तो घोड़े हमें तेज़ी से एक जगह से दूसरी जगह पहूँचा देते है । गाय का दध हम पीते है ।

**प्रश्न - क इस गद्यांश का शीर्षक क्या है ?**

उत्तर - क जानवर - सबसे अच्छा दोस्त ।

**प्रश्न - ख जानवर किसका सबसे अच्छा दोस्त है ?**

उत्तर - ख जानवर आदमी का सबसे अच्छा दोस्त है ।

**प्रश्न - ग भेड़ हमें क्या देते है ?**

उत्तर - ग भेड़ हमें ऊन देते है ।

**प्रश्न - घ हमारी रखवाली कौन करते है ?**

उत्तर - घ कुत्ते हमारी रखवाली करते है ।

**प्रश्न - च इस गद्यांश में से गर्मी का विलोम शब्द ढूँढिए और लिखिए।**

उत्तर - च गर्मी ळ सर्दी

**प्र -२ विलोम शब्द लिखिए ।**

| | |
|---|---|
| १ आगे - पीछे | ६ हल्का - भारी |
| २ दानव - मानव | ७ दिन - रात |
| ३ नीचे - ऊपर | ८ धरती - आसमान |
| ४ भला - बुरा | ९ मान - अपमान |
| ५ पसंद - नापसंद | १० अर्थ - अनर्थ |

११ सरल - कठिन    १२ धर्म - अधर्म

प्र - ३ समानार्थी शब्द लिखिए ।

१ कमल - सरोज    ७ धरती - जमीन
२ आकाश - नभ    ८ बारिश - वर्षा
३ कलश - घड़ा    ९ कनक् - सोना
४ शाम - संध्या    १० आँख - नयन
५ संसार - जग    ११ बादल - मेघ
६ जंगल - वन    १२ अश्व - घोड़ा

प-४ वाहनों के नाम लिखिए ।

१ कार    २ जीप    ३ साइकिल    ४ बस
५ तांगा    ६ बैलगाडो    ७ हवाई जहाज    ८ रिक्शा

प्र - ५ एकवचन - बहुवचन लिखिए ।

१ पौधा - पौधे    ६ बात - बातें
२ संतरा - संतरे    ७ मछली - मछलियाँ
३ पैसा - पैसे    ८ घड़ी - घड़ियाँ
४ कमरा - कमरे    ९ रोटी - रोटियाँ
५ किताब - किताबें    १० लता - लताएँ

प्र - ६ लिंग परिवर्तन कीजिए ।

१ नर - नारी    ६ हिरन - हिरनी
२ देव - देवी    ७ पुत्र - पुत्री
३ शेर - शेरनी    ८ पिता - माता
४ घोड़ा - घोड़ी    ९ बालक - बालिका
५ सेठ - सेठानी    १० लडका - लडकी

प्र - ७ वाक्य सुधारकर लिखिए ।

१ चमकता सूरज है ।

- सूरज चमकता है ।

२ खड़ा गुब्बारेवाला है ।

- गुब्बारेवाला खड़ा है ।

३ पतंग रहा है उडा लड़का ।

- लड़का पतंग उडा रहा है ।

४ झूल है रहा बंदर ।

- बंदर झूल रहा है ।

५ है हवा रही चल ।

- हवा चल रही है ।

प्र - ८ नीचे दिए गए शब्दों में से एक अलग शब्द पर गोला लगाइए ।

बारिश - पानी, गीला, बादल, दिल्ली

घर - दरवाज़ा, खिड़की, नदी, दीवार

सूरज - धूप, पसीना, ठंडी, कम्बल

रसोई - बेलन, चम्मच, रोटी, पलंग

वाहन - जंगल, बस, गाडी, साइकिल

जानवर - हाथी, घोडा, चिडिया, कुत्ता

प्र - ९ संज्ञा शब्द पर गोला लगाइए ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जयपुर | तुम्हारा | संतरा | तुम | हम |
| कमल | वह | अनिता | हमारा | दौडना |

प्र - १० किसने कहा ?

१ डाल तोड़ दी पेड़ की । लाओ हर्जाना ।

- माली ने ।

२ जरा ठीक तो हो लू ।

- शेर के बच्चे ने ।

३ मैं अभी आता हूँ ।

- माली ने ।

४ जान बची तो लाखों पाए ।

- शेर के बच्चे ने ।

प्र - ११ सही या गलत का निशान लगाइए ।

१ ऊँट बोझ ढो रहा है। - √

२ ऊँट रेगिस्तान में ज्यादा देखने को मिलते है। - √

३ पानी और आकाश के बीच बहस छिड़ गई । - x

४ कछुए की दोस्ती शेर से हो गई । - x

५ ऊँट बालू में आसानी से चल सकता है। - √

६ खूब बारिश होने पर सभी को नानी याद आई । - √

७ मौसी ने वीरू को फ़ट्टा लाने को कहा । - √

८ ऊँट सीधा चल रहा है । - x

९ भालू ने फुटबॉल खेलने की बात सोची । - √

१० लड़का बिलखकर रो रहा था । - x

प्र -१२ दिए गए शब्दों से खाली जगह भरिए ।

१ हवा की नजर ----------- पर पडी । ( आदमी , बालक )

२ हवा और ------------- के बीच बहस छिड़ गई ( पानी , सूरज )

३ शेर के बच्चे को ---------- में मज़ा आर हा था । ( उछलने ,गिरने )

४ कछुआ ------------ में रहता था । ( तालाब ,नदी )

५ ----------- का वक्त था । ( शाम , सुबह )

६ भालू ने शेर के बच्चे को ---------- बार उछाला। ( दस , बारह )

७ माँ ने वी़रू को अपनी ---------- के पास भेजा । ( बहन , पिता )

८ ----------- बोझ ढ़ोता है । (ऊँट, कुत्ता )

९ कछुए की दोस्ती ------------ से हो गई । ( बिल्ली , लोमड़ी )

१० वीरु ने अपनी मौसी के घर बहुत सी ------- देखी। (किताब ,सब्ज़ियाँ )

**प्र -१३ शब्दार्थ लिखिए ।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | बालू | - | रेत | १० | सुबह | - | प्रातः |
| २ | बोझ | - | वजन | ११ | हवा | - | वायु |
| ३ | सुझाव | - | उपाय | १२ | सूरज | - | रवि |
| ४ | सच | - | सत्य | १३ | ताकत | - | बल |
| ५ | भला | - | अच्छा | १४ | बगीचा | - | बाग |
| ६ | तरकीब | - | उपाय | १५ | संदेश | - | खबर |
| ७ | ताल | - | तालाब | १६ | हड़बड़ी | - | जल्दी में |
| ८ | सरल | - | आसान | १७ | चुहिया | - | मुषिका |
| ९ | बहन | - | भगिनी | १८ | हर्जाना | - | दंड |

**प्र-१४ "गाय" पर निबंध लिखिए ।**

१ गाय एक पालतू पश है ।
२ इसके चार पैर ,दो सींग और एक लंबी पूंछ होती है ।
३ गाए हमें दूध देती है ।
४ गाय घास खाती है ।
५ गाय हमारी माता है ।

- **"मेरी पाठशाला" पर निबंध लिखिए ।**

१ मेरी शाला का नाम पी आई एस है।
२ मेरी शाला में एक खल का मैदान है ।
३ मेरी शाला में पचास कमरें हैं ।
४ मेरी शाला में एक पुस्तकालय है ।
५ मुझ मेरी शाला बहुत पिय है ।

**प्र -१५ समान लय वाले शब्द लिखिए ।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| १ कहाँ | - | जहाँ | २ हुआ | - | दुआ |
| ३ ताल | - | माल | ४ खिलाएँ | - | जाएँ |
| ५ खलें | - | झलें | ६ ज्यों | - | त्यों |
| ७ सोई | - | रोई | ८ डरी | - | भरी |
| ९ भर | - | कर | १० म्याऊँ | - | डराऊँ |

प्र -१६ प्रश्नों के उत्तर लिखिए

**प्रश्न - १ ऊँट किसमें आसानी से चल सकता है?**

उत्तर - १ बालू में ।

**प्रश्न - २ ऊँट कैसे चल रहा था ?**

उत्तर - २ हिलता डुलता ।

**प्रश्न - ३ माली ने शेर के बच्चे से क्या माँगा ?**

उत्तर - ३ माली ने शेर के बच्चे से हर्जाना माँगा ।

**प्रश्न - ४ चारों ओर क्या छाया हुआ था ?**

उत्तर - ४ चारों ओर कोहरा छाया हुआ था ।

**प्रश्न - ५ बिल्ली की आवाज़ किसने निकाली ?**

उत्तर - ५ बिल्ली की आवाज़ लड़की ने निकाली ।

**प्रश्न - ६ लड़की को किससे डर लगा ?**

उत्तर - ६ लड़की को चुहिया से डर लगा।

**प्रश्न - ७ चुहिया कहाँ काट गई थी ?**

उत्तर - ७ चुहिया नाक पर काट गई थी ।

**प्रश्न - ८ सूरज को किसने नमस्कार किया ?**

उत्तर - ८ सूरज को हवा ने नमस्कार किया।

**प्रश्न - ९ हवा ने अपनी ताकत दिखाने के लिए क्या किया ?**

उत्तर - ९ हवा बहुत जोर - जोर से चलने लगी । आदमी नीचे गिर पडा ।

**प्रश्न - १० सूरज ने हवा से क्या कहा ?**

उत्तर - १० मुझमें तुमसे ज़्यादा ताकत है ।

**प्रश्न - ११ तालाब के किनारे कौन कौन गपशप कर रहा था ?**

उत्तर - ११ कछुआ और लोमड़ी ।

**प्रश्न - १२ एक दिन कछुए को किसने पकड़ा ?**

उत्तर - १२ एक दिन कछुए को तेंदुए ने पकड़ा ।

**प्रश्न - १३ खूब बारिश होने पर सभी को कौन याद आई ?**

उत्तर - १३ खूब बारिश होने पर सभी को नानी याद आई ।

**प्रश्न - १४ बच्चे कहाँ रहकर बोरियत झेल रहे थे ?**

उत्तर - १४ बच्चे घर में रहकर बोरियत झेल रहे थे ।

**प्रश्न - १५ पिंजरे में मौन कौन रहता है ?**

उत्तर - १५ पिंजरे में मौन तोता रहता है ।

**प्रश्न - १६ मौसी वीरू को कहाँ ले गई ?**

उत्तर - १६ मौसी वीरू को बैठक में ले गई ।

**प्रश्न - १७ वीरू क्या देखकर ठिठक गई ?**

उत्तर - १७ बैठक में बहुत सारी किताबें देखकर वीरू ठिठक गई ।